# प्रसार भारती
## भारतीय प्रसारण निगम
## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी करने का किया आहवान।
- प्रदेश में पंचायती चुनावों के लिए नया आरक्षण रोस्टर होगा लागू–अनुसूचित जाति, जनजाति व महिलाओं के आरक्षण के लिए 2011 की जनगणना को बनाया जाएगा आधार।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत प्रदेश भर में बच्चों को आज दी जाएगी दवाई।
- हिमाचल पथ परिवहन निगम ने हिम बस कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 31 मार्च की निर्धारित।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी करने का आहवान किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल के मंत्र को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी।

**रोस्टर**

पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में नया आरक्षण रोस्टर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के आरक्षण के लिए 2011 की जनगणना को जबकि ओबीसी आरक्षण के लिए 1993–1994 के सर्वेक्षण को आधार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रधान के आरक्षण के लिए विकास खंड को इकाई बनाया जाएगा।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में मंदिरों और तीर्थ स्थलों का अभूतपूर्व पुर्न विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार से देश की आध्यात्मिक आत्मा को एक नई ऊर्जा मिली है और ये परियोजनाएं धार्मिक भावनाओं के लिए महत्वपूर्ण होने के साथ–साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था व पर्यटन को भी प्रोत्साहित कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण व उसके आसपास सुविधाएं बढ़ाने के प्रति हिमाचल की कांग्रेस सरकार का रवैया उदासीन रहा है।

**अंगदान**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि भारत ने अंगदान तथा प्रत्यारोपण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन ने देशभर में अंगदान, आवंटन और प्रत्यारोपण में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। देश में प्रत्यारोपणों की संख्या 2013 में 5 हजार से कम थी,जो वर्ष 2025 में बढ़कर लगभग 20 हजार हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि 2025 में 1,200 से अधिक परिवारअपने प्रियजनों की मृत्यु के बाद उनके अंगों का दान करने के लिए आगे आए।

**राष्ट्रीय कृमि दिवस**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत आज प्रदेश भर के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 साल तक के बच्चों को एलबेंडाजोल और विटामिन ए की दवाई खिलाई जाएगी। इसका उद्देश्य बच्चों के पोषण व एनीमिया में सुधार करना है। शिमला जिला में इस दौरान 2 लाख 21 हजार 319 बच्चों को ये दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उधर राष्ट्रीय कृमि नाशक दिवस को लेकर किन्नौर ज़िले में भी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के ज़िला कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी नेगी ने बताया कि एक से 5 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल के साथ विटामिन–ए की खुराक भी दी जाएगी।

**हिम बस कार्ड**

हिमाचल पथ परिवहन निगम ने बस में महिलाओं सहित अन्य रियायती दरों पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए हिम बस कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की है। निगम की बसों में एक अप्रैल से ये बस पास लागू हो जाएंगे। निगम प्रबंधन के अनुसार जिन लोगों के पास हिम बस कार्ड होगा वही इन बसों में रियायती यात्रा सुविधा का लाभ ले सकेंगे। एचआरटीसी अब तक प्रदेश भर में लगभग एक लाख 40 हजार हिम बस पास बना चुका है।

**स्की प्रशिक्षण**

लाहौल स्पीति जिला के केलांग में माउंट नेरिंग एंड स्नो बार्ड ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्की प्रशिक्षण कल संपन्न हो गया। इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत जिस्पा में 72 करोड़ रूपए की लागत से आइस हॉकी रिंक के निर्माण को राज्य स्तर से मंजूरी मिल चुकी है और शीघ्र ही केंद्र से भी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

**आर एस बाली**

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर एस बाली ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आहवान किया है। सोलन जिला के कसौली में एक निजी स्कूल के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है और सभी लोगों को एकजुट होकर इस बुराई को खत्म करने के लिए प्रयास करने चाहिए। बाली ने कहा कि आत्मविश्वास व उन्नतिशील सोच युवाओं के लिए आवश्यक है।

**विंटर लेक फेस्टिवल**

चंबा जिला के सलूणी उपमंडल में स्थित तलेरू वोटिंग प्वाइंट में तीन दिवसीय विंटर लेक फेस्टिवल आयोजित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रर्दशर्नियां भी लगाई गई। यहां पहुंचे पर्यटकों ने बताया कि ऐसे आयोजन मनोरंजन के साथ–साथ सांस्कृतिक अनुभव भी प्रदान करते हैं।

**गग्गल एयरपोर्ट**

कांगड़ा ज़िले में गग्गल हवाई अड्डे के प्रभावित परिवारों को अब तक एक हजार 9 सौ 50 करोड़ रुपये की भू–अधिग्रहण राशि वितरित की जा चुकी है। उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर में बताया कि ये राशि लगभग 4 हजार प्रभावित लोगों को मुआवजे के रूप में दी गई है। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे के पास राज्य सरकार द्वारा एक एयरोसिटी बनाई जाएगी जिसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है।

**संपूर्णता अभियान**

शिमला जिला के आकांक्षी ब्लॉक कुपवी में संपूर्णता अभियान 2 प्वाइंट जीरो अभियान चलाया जा रहा है। 14 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान का लक्ष्य स्वास्थ्य, पोषण सहित तय चिन्हित संकेतकों में 100 प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.......**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **चिटटा तस्करी में पकड़े कर्मचारी बिना विभागीय जांच होंगे बर्खास्त।**

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **लाहौल और मनाली की चोटियों पर बर्फबारी से घाटी में फिर ठंड लौटी। दैनिक जागरण के शब्द हैं ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात से तापमान में मामूली गिरावट।**

**दिल्ली में तय हुई हिमाचल कांग्रेस के पुनर्गठन की रूपरेखा पंजाब केसरी** की एक खबर है।

**दिव्य हिमाचल बेघरों को 150 करोड़ की राहत** शीर्षक से लिखा है सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने किराए और घरों के निर्माण के लिए जारी की राशि।

**'अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी करने का किया आहवान।
- प्रदेश में पंचायती चुनावों के लिए नया आरक्षण रोस्टर होगा लागू–अनुसूचित जाति, जनजाति व महिलाओं के आरक्षण के लिए 2011 की जनगणना को बनाया जाएगा आधार।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत प्रदेश भर में बच्चों को आज दी जाएगी दवाई।
- हिमाचल पथ परिवहन निगम ने हिम बस कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 31 मार्च की निर्धारित।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे नमस्कार।**